# कार्यालय – वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा

वन भवन, स्थान+पो0+जिला – चतरा, झारखण्ड – 825401

Telefax – 06541-253690, Email – cf-chatra@gov.in


पत्रांक – 604 दिनांक – 04.08.2022

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
हजारीबाग।

विषय– मेसर्स झारखण्ड उर्जा संचरण निगम लिमिटेड द्वारा चतरा जिला अंतर्गत 132KV D/C Chatra to Hunterganj Transmission Line निर्माण हेतु कुल 53.2129 हे0 (चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल– 29.8784 हे0 एवं चतरा उत्तरी वन प्रमण्डल – 23.3355 हे0) वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग– क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग का ज्ञापांक 1727 दिनांक 02.08.2022

महाषय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल ने अपने पत्रांक 1629 दिनांक 04.08.2022 एवं वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमंडल ने अपने पत्रांक 1324 दिनांक 03.08.2022 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि विषयगत ट्रांसमिशन लाईन निर्माण अन्तर्गत प्रभावित वन भूमि एवं समस्त वनो में कई प्रकार के वन्य प्राणी है एवं यह क्षेत्र वन्यप्राणियों का अच्छा प्रवास है। साथ ही उल्लेखित है कि चन्दवा–गया 400 के0भी0 ट्रांसमिशन लाइन निर्माण में अपयोजित होनेवाली वन भूमि प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा प्रथम चरण की स्वीकृति में वन्य प्राणी प्रबंधन योजना तैयार करने हेतु शर्त लगाई गई थी। विषयोक्त ट्रांसमिशन लाईन के आसपास से ही चन्दवा–गया लाईन गुजरती है। ऐसी स्थिति में वनों की सुरक्षा एवं समवर्द्धन हेतु वन्य प्राणी प्रबंधन योजना प्रस्ताव तैयार करना अनिवार्य होगा।

अतः वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी/दक्षिणी द्वारा समर्पित प्रतिवेदन इस पत्र के साथ संलग्न कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजी जा रही है।

**<u>अनु0–यथोक्त।</u>**

आपका विश्वासी,

05/08/22

**वन संरक्षक,**
प्रादेशिक अंचल, चतरा।

कार्यालयः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।
वन भवन, चतरा– 825401 (झारखण्ड)
Ph. & Fax (o) - 06541- 222303 E-mail:- dfo-chatrasouth@gov.in

पत्रांक 1639 दिनांक 04-08-2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल,
चतरा।

विषय– 132KV D/C चतरा से हंटरगंज ट्रांसमिशन लाईन निर्माण हेतु चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल अन्तर्गत 29.8774 हे0 एवं चतरा उत्तरी वन प्रमंडल अन्तर्गत 23.3355 हे0 कुल 53.2129 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग– क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग का ज्ञापांक 1727 दिनांक 02.08.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र सन्दर्भ में सूचित करना है कि 132KV D/C चतरा से हंटरगंज ट्रांसमिशन लाईन निर्माण अन्तर्गत प्रभावित वनभूमि एवं समीपस्थ वनों में कई प्रकार के वन्य प्राणी है यह क्षेत्र वन्यप्राणियों का अच्छा पर्यावास है। उक्त वनों में खरगोश, सियार, सांप, हिरण, जंगली मुर्गा, लोमड़ी, जंगली सुअर, कोटरा, नील गाय इत्यादि प्रवास करते है। इस क्रम में उल्लेख करना है कि चन्दवा से गया तक 400 के0भी0 ट्रांसमिशन लाईन निर्माण हेतु अपयोजित होने वाली वनभूमि प्रस्ताव पर भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का पत्र संख्या 8–3/2014–FC दिनांक 12.12.2014 द्वारा प्रथम चरण की स्वीकृति में वन्य प्राणी प्रबंधन योजना तैयार करने हेतु शर्त लगाई गई थी। उक्त ट्रांसमिशन लाईन प्रस्तावित ट्रांसमिशन लाईन के आस–पास से होकर गुजरती है, तो ऐसी स्थिति में विषयोक्त ट्रांसमिशन लाईन निर्माण के क्रम में भी वन्य प्राणियों का संवर्द्धन एवं सुरक्षा हेतु वन्य प्राणी प्रबंधन योजना प्रस्ताव तैयार किया जाना अनिवार्य होगा।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आपका विश्वासी
04.8.2022
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

04/08/2022

**कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमण्डल।**
E-mail Address : dfo-chatranorth@gov.in, Phone No. : 06541-296022

पत्रांक : 1324 दिनांक : 03.08.2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल,
चतरा।

विषय :– **132KV D/C चतरा से हंटरगंज ट्रांसमिशन लाईन निर्माण हेतु चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल अंतर्गत 29.8774 हे0 एवं चतरा उत्तरी वन प्रमंडल अंतर्गत 23.3355 हे0 कुल 53.2129 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव के सम्बन्ध में।**

प्रसंग :– क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग का ज्ञापांक 1727 दिनांक 02.08.2022

FCACF 04/08/22 4.8.22

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के सम्बन्ध में सूचित करना है कि 132KV D/C चतरा से हंटरगंज ट्रांसमिशन लाईन निर्माण हेतु चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल अंतर्गत 29.8774 हे0 एवं चतरा उत्तरी वन प्रमंडल अंतर्गत 23.3355 हे0 कुल 53.2129 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव के तहत Site Specific Wildlife Conservation Plan बनाने से संबंधित मंतब्य मांगी गयी है, उल्लेखनीय है कि इस प्रमंडल अंतर्गत 400 के0वी0 डी./सी. चंदवा–गया ट्रांसमिशन लाईन निर्माण के आलोक में भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायू परिवर्तन विभाग का पत्रांक– F. No. 8-3/2014-FC Dt. 12 Dec 2014 द्वारा स्टेज–1की स्वीकृति में Wild Life Management Plan का शर्त लगया गया था।

अतः अनुरोध है कि विषयक ट्रांसमिशन लाईन निर्माण में भी Wild Life Management Plan का बनना आवश्यक है।

सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्रवाई हेतु समर्पित।

विश्वासभाजन

03/08/2022

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा उत्तरी वन प्रमंडल।

03/08/2022

E:\MAP SECTION\Map Section Work 2022-23\Map Sec. Forward 22-23.docx